टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, बुधवार , 15 अप्रैल 2026

एक नजर में

अनुदान वाले यंत्र से गेहूं की कटाई

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्राम जटउआ विकासखंड निवासी प्रगतिशील किसान यशवंत सोलंकी ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष निजी कस्टम हायरिंग केंद्र योजना से अनुदान पर लिए गए नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर का जीवंत प्रदर्शन किया।

यशवंत सोलंकी ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को बताया कि इस यंत्र की सहायता से वे हार्वेस्टर से गेहूं कटाई के उपरांत खेत पर फैले फसल अवशेष को काटकर भूसा बना लेते हैं जिससे वो विक्रय कर अतिरिक्त आय लेते हैं इसीके साथ साथ इसके उपयोग से खेत में नरवाई नहीं बचती जिससे खेत में आग नहीं लगानी पड़ती जो मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। इस अवसर पर में सहायक संचालक उद्यानिकी श्री अजय रोहित, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी, सहायक कृषि यंत्री, एवं अन्य कृषकों की उपस्थिति रही।कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा देने और छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित कर किसानों को किराये पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

ढोगा मार्ग के मंगलभवन से निकाली गई रैली

उत्सव भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नगर स्थित अम्बेडकर तिराहा पर वंचितों एवं शोषितों को न्याय अधिकार समानता को सम्मान दिलाने वाले संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों के साथ माल्यार्पण वा श्रद्धासुमन अर्पित कर भारत के संविधान का पाठ किया गया साथ ही सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। भारत के संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज जिले भर में मनाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने बताया है कि जयंती के एक दिन पूर्व बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर संध्याकालीन वैला में दीपोंत्सव कार्यक्रम मनाया गया। आज जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरित किया गया।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय उत्सव भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंकरलाल एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसके माध्यम से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, कार्यक्रम की अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरोज राजपूत तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग मुकेश पालीवाल ने आदिम जाति एवं कल्याण विभाग की योजनाओं एवं शासन द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है।

कांग्रेस ने बाबा साहब को किया याद

संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर टीकमगढ़ के अंबेडकर चौराहे पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपने संघर्ष, ज्ञान और विचारों से समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की राह दिखाई। आइए, हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक और सशक्त भारत का निर्माण करें। बाबा साहेब के आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला , नवीन साहू ,संगठन महासचिव संजय नायक , सूर्य प्रकाश मिश्रा , किरण अहिरवार, अनीश अहमद , सुनील अहिरवार, अशोक अहिरवार , नीतेश बिलगईयां उपस्थित रहे।

पलेरा में रैली रही आकर्षण का केन्द्र

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर पलेरा नगर में मंगलवार को भव्य एवं आकर्षक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत रविदास मंदिर से हुई, जो जतारा रोड, छोटा बस स्टैंड, विभिन्न बस्तियों एवं कॉलेज मार्ग से होते हुए बड़ा बस स्टैंड पहुंची तथा अंत में पुनः रविदास मंदिर पर समापन हुआ। रैली के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा फल एवं खाद्य सामग्री वितरित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

पुलिस कर रही युवाओं को प्रेरित

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है। युवा जोड़ो अभियान के जरिए युवाओं को न सिर्फ जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य तय करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी जा रही है।

इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में यह पहल युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है। अब तक इस अभियान के माध्यम से 60,000 युवाओं से सीधे संवाद स्थापित किया जा चुका है। उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और जिम्मेदार नागरिक बनने के मूल मंत्र दिए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी युवाओं से आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें जीवन की चुनौतियों से लड़ने, सही निर्णय लेने और अपने सपनों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

थाना चंदेरा क्षेत्र में आयोजित युवासंवाद कार्यक्रम में युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में खुलकर चर्चा हुई, जिससे माहौल सकारात्मक और उत्साह से भर गया। युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी जा रही है।

महाविद्यालय परिसर में सुना प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत प्रथम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफद्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना एवं सकारात्मक सोच विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर पी शांडिल्य ने सभी को नारी शक्ति के सम्मान एवं उनके सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया।

बाल विवाह रोकने कंट्रोल रूम का गठन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास उदल सिंह ठाकुर के मागर्दर्शन में आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिले, तो तत्काल संबंधित कंट्रोल रूम पर जानकारी दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

कमेटी में शामिल अधिकारियों ने नदियों का किया सर्वेक्षण

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

बल्देवगढ़, जतारा व पलेरा विकासखण्डों के 413 ग्रामों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जामनी एवं धसान नदी से उपयुक्त स्थलों पर 55 एमसीएम कुल जल प्रदाय हेतु एनीकट, बाँध निर्माण की स्वीकृति तथा समूह जल प्रदाय योजना हेतु बांध निर्माण की मांग की गई है। इसीक्रम में कमेटी द्वारा 12 अप्रैल 2026 को जिले की नदियों का सर्वेक्षण किया गया।

सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार धसान नदी पलेरा व बल्देवगढ़ विकासखण्ड के ग्रामों से गुजरती है जिसे टोपोशीट नम्बर 54पी/6, 54पी/5, 540/8 पर देखा जा सकता है। उपरोक्त टोपोशीट अध्ययन एवं निरीक्षण में पाया गया कि निम्नलिखित 4 स्थलों पर स्टॉप डेम/वियर का निर्माण किया जाना प्रथम दृष्ट्या साध्य प्रतीत होता है। निम्नलिखित स्थलों पर अनुमानित 1.5-2.0 एम.सी.एम. क्षमता के स्टॉप डेम का निर्माण किया जा सकता है जिसे बानसुजारा बांध परियोजना में जल उपलब्धता अनुसार पानी छोड़कर पुनः भरा जा सकता है।

सरोवर निर्माण कार्यों की प्रगति का आंकलन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न जल संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में चल रहे डगवेल रीचार्ज, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल संचय में जनभागीदारी तथा अमृत सरोवर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक में डगवेल रीचार्ज के माध्यम से भू-जल स्तर बढ़ाने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने तथा अमृत सरोवरों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जल संचय के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

थाना प्रभारी ने अपने अमले के साथ किया पैदल गश्त

नवभारत न्यूज पलेरा।

नवागत थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने पदभार संभालते ही सख्त तेवर दिखाते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सिंघम स्टाइल में पैदल गश्त कर कार्रवाई की। उन्होंने अपने पूरे पुलिस स्टाफ के साथ मुख्य सड़कों पर उतरकर असामाजिक तत्वों और अव्यवस्थित यातायात के खिलाफ सख्त अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी ने सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने वाले लोगों को सख्त चेतावनी दी और कई वाहनों के चालान भी काटे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीच सड़क पर वाहन खड़े करने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने असामाजिक तत्वों की परेड भी लगाई और सड़कों के किनारे बेवजह बैठे लोगों को समझाइश देकर घर जाने की हिदायत दी। थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पलेरा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार ऐसे अभियान जारी रहेंगे।नवागत थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने पदभार संभालते ही सख्त तेवर दिखाते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सिंघम स्टाइल में पैदल गश्त कर कार्रवाई की। उन्होंने अपने पूरे पुलिस स्टाफ के साथ मुख्य सड़कों पर उतरकर असामाजिक तत्वों और अव्यवस्थित यातायात के खिलाफ सख्त अभियान चलाया।

करमौरा गांव में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

डीजे की धुनों पर महिलाएं निकलीं कलश लेकर

बाबा साहब की जयंती पर जतारा क्षेत्र में हुए कार्यक्रम

नवभारत न्यूज, जतारा।

जतारा के ग्राम करमौरा में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की 136वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली। डीजे की धुनों के साथ निकली इस यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और उत्साह के साथ पैदल शामिल हुईं।

शोभायात्रा के दौरान ट्रैक्टर पर बाबा साहेब की प्रतिमा को सुसज्जित कर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। डीजे की धुनों के साथ निकली इस यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और उत्साह के साथ पैदल शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। इस आयोजन का नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला अध्यक्ष निशांत साहू उपस्थित रहे। साथ ही वंशकार समाज के अध्यक्ष नारायण वर्मा ग्राम करमौरा में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की 136वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान ट्रैक्टर पर बाबा साहेब की प्रतिमा को सुसज्जित कर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। इस आयोजन का नेतृत्व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला अध्यक्ष निशांत साहू उपस्थित रहे।

साथ ही वंशकार समाज के अध्यक्ष नारायण वर्मा सहित गांव के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सभी अतिथियों और ग्रामीणों के सहयोग सहित गांव के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यशाला | **30 जून को होगा कार्यक्रम का समापन**

जल गंगा संवर्धन के तहत स्वसहायता समूह की कार्यशाला

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में स्वसहायता समूह सदस्यों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया गया है, जो 30 जून तक सतत रूप से चलेगा।

महाअभियान का उद्देश्य न केवल नए तालाबों का बल्कि जनसहभागिता से इसे एक जन आंदोलन का रूप देना भी है। अभियान में प्रमुख रूप से शामिल नारों को स्वसहायता समूहों की महिला शक्ति द्वारा उच्चारित करते हुये हर बूंद मायने रखती है। जल का संरक्षण करें, जीवन का संरक्षण करें। पानी अनमोल है- इसे बर्बाद न करें। पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करें भविष्य को सुरक्षित करेंष् इत्यादि नारों से परिसर को गुंजायमान किया गया साथ ही डिप सिंचाई, वर्षा जल संचयन, जल-कुशल फसों की रोपण, संरक्षण जुताई और उचित जल प्रबंधन जैसी पद्धतियों जल की बर्बादी को काफी हद तक कम कर सकती हैं और कृषि उत्पादकता को बढ़ा सकती हैं, इस पर भी प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात जिला एवं खण्ड स्तरीय अमले द्वारा जल संरक्षण के लिए आप क्या कर सकते हैं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उक्त चर्चा में यह जांच करें कि आपके घर में पानी का रिसाव न हो। आपको जितनी आवश्यकता हो उतने ही जल का उपयोग करें। पानी के नलों को इस्तेमाल करने के बाद बंद रखें। मंजन करते समय नल को बंद रखें तथा आवश्यकता होने पर ही खोले। नहाने के लिए अधिक जल को व्यर्थ न करें। अंत में जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यशाला में जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया गया है, जो 30 जून तक सतत रूप से चलेगा।

विस्तारपूर्वक सभी ने की चर्चा

अभियान में प्रमुख रूप से शामिल नारों को स्वसहायता समूहों की महिला शक्ति द्वारा उच्चारित करते हुये हर बूंद मायने रखती है। जल का संरक्षण करें, जीवन का संरक्षण करें। पानी अनमोल है-इसे बर्बाद न करें। पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करें भविष्य को सुरक्षित करेंष् इत्यादि नारों से परिसर को गुंजायमान किया गया । जल संरक्षण के लिए आप क्या कर सकते हैं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

खाद को लेकर कमेटी करेगी निगरानी

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मप्र भोपाल के निर्देशानुसार अधिक यूरिया बिक्रय के संबंध में मार्च, अप्रेल एवं मई में कृषिगत कार्य कम होते है तथा मार्च माह में कई जिलों में अधिक यूरिया बिक्रय हुआ है।

उक्त संबंध में जिला मजिस्ट्रेट, कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया। कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार जिला पुलिस अधीक्षक या नामित व्यक्ति जिला टीकमगढ़, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला , उप आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी विपणन संघ, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र तथा परियोजना संचालक आत्मा जिला टीकमगढ़ समिति के सदस्य होंगे।

सब्जियों में करें घोल बनाकर छिड़काव

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आगामी 5 दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने तथा आसमान आमतौर पर साफरहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डि.से. के आस-पास तथा रात का न्यूनतम तापमान 19 से 21 डि.से. के आस-पास रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 03 से 11 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं। मूंग में रसचूसक कीट का प्रकोप देखा जा रहा है, अत किसान भाई फसल का निरीक्षण करें तथा पाये जाने पर बचाव हेतु, इमिडाक्लोप्रिड दवा की 0.5 मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

किसान भाई, खाली खेत में गर्मी की गहरी जुताई 20-25 से.मी. मिट्टी पलटने वाले हल से करें तथा फसल के अवशेष को न जलायें।आनेवाले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है, किसानों को सलाह दी जाती है कि फसल की कटाई के बाद उसे सुरक्षित भंडारण के लिए 10 प्रतिशत नमी के स्तर तक सुखा लें। वर्तमान मौसम में टमाटर तथा बैगन में फल तथा तना छेदक कीट का प्रकोप देखा जा रहा है, इससे बचाव हेतु क्लानालफास 25 ई.सी. दवा की 2.0 मिलीलीटर मात्रा एक लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। टमाटर, मिर्च, बैंगन और पपीते की फसलों में पत्ती कर्ल रोग होने की संभावना है। यदि यह रोग पाया जाए, तो इसके नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30 ई.सी. का 2.0 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

छिड़काव के एक सप्ताह के भीतर पपीतों के सूखे पत्तों को न तोड़ें। कद्दूवर्गीय सब्जियां जैसे- कद्दू, लौकी, टिण्डा, करेला, तरबूज एवं खरबूज इत्यादि में लाल कीड़ा एवं फल मक्खी का प्रकोप तापमान बढ़ते ही दिखाई दे सकता है।